कार्यालय प्रथम अपीलीय अधिकारी, जिला कलक्टर, दौसा

श्री राकेश कुमार भादूका पुत्र श्री रमेश चंद शर्मा पता– टांकडा का बास, पंडितपुरा तहसील बसवा जिला दौसा राज0 303313

सत्यमेव जयते
Web Copy - Not Official

बनाम

लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बसवा

अपील संख्या 107/2025

निर्णय दिनांक 17.10.2025

संक्षिप्त विवरण अपील इस प्रकार है कि अपीलांट द्वारा लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बसवा से सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 के तहत सूचना प्राप्त करने हेतु प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया। प्रार्थी को वांछित सूचना/नकल निर्धारित समयावधि में प्राप्त नहीं हुई। इससे व्यथित होकर यह अपील पेश की गई है।

अपील दर्ज रजिस्टर की गई। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बसवा को प्राप्त पत्रादि की छाया प्रति प्रेषित कर अपीलांट को वांछित नकल/सूचना उपलब्ध करवाई जाकर जांच टिप्पणी मंगवाई गई।

पत्रावली का अवलोकन किया गया। लोक सूचना अधिकारी, उपखंड अधिकारी बसवा को इस कार्यालय के पत्र क्रमांकःडीएम कोर्ट/2025/2530 दिनांक 19.09.2025 द्वारा पत्र जारी कर अपीलांट को वांछित नकल उपलब्ध कराते हुए रिपोर्ट चाही गई। किन्तु लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बसवा की ओर से कोई जवाब/टिप्पणी प्राप्त नहीं हुई। इससे स्पष्ट होता है कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल उपलब्ध नहीं कराई गई है। ऐसी स्थिति में अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार योग्य है।

उपरोक्त विवेचन के आधार पर अपील अपीलांट आंशिक स्वीकार की जाती है। लोक सूचना अधिकारी उपखंड अधिकारी बसवा को निर्देश दिये जाते हैं कि अपीलांट को वांछित सूचना/नकल आदेश प्राप्ति के 07 दिवस के भीतर नियमानुसार उपलब्ध करावे। संबंधित को निर्णय की प्रति प्रेषित की जावे। बाद पूर्ति पत्रावली प्रविष्ठ लेख भंडार हो।

(देवेन्द्र कुमार)
जिला कलक्टर, दौसा

Signature Not Verified

Digitally signed by Devendra Kumar
Date: 2025.11.04 16:46:08 IST
Reason: SelfAttested